Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 13-12-2005

Participants : Saroj Shri Tufani

>

Title : Need to develop villages adjacent to Mughalsarai Railway Yard in Uttar Pradesh.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मुगलसराय रेलवे यार्ड के समीप बसे गांवों की ओर आकृट करना चाहता हूँ। मुगलसराय रेलवे यार्ड एशिया का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड है। यहां से देश के विभिन्न हिस्सों में ट्रेनें जाती हैं, परन्तु यहां से जाने वाली रेलवे की विभिन्न लाइनों के बीच बहुत से गांव बसे हैं, जैसे तारनपुर, इस्लामपुर, परशुरामपुर, कुढ़े, धरनेक, गोवरिया आदि दर्जनों गांव हैं, लेकिन रेलवे की आपत्ति के कारण इन गांवों का विकास नहीं हो पा रहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार इन गांवों का सर्वांगीण विकास करना चाहती है, लेकिन रेलवे की आपत्ति के कारण चाहते हुए भी

वह ऐसा नहीं कर पा रही है। अतः मेरी मांग है कि वह उपरोक्त गांवों के विकास के लिए सरकार रेलवे को उत्तर प्रदेश सरकार को सहयोग करने का आदेश दें।